www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
25 नवंबर 2022, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

शिखर धवन की अगुवाई में भारत की नजर न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज पर

कवायद | एयरपोर्ट के पहले चरण में 5800 करोड़ रुपये खर्च होना है, इसका 15 प्रतिशत पैसा निर्माण कार्य पर खर्च किया जा चुका है

एयरपोर्ट की टर्मिनल इमारत और रनवे का बेस तैयार

अपडेट

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। जेवर एयरपोर्ट टर्मिनल इमारत और रनवे का बेस तैयार हो गया है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) बिल्डिंग का टावर भी बनने लगा है। कस्टम, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बकास), सीआईएसएफ और ब्यूरो आफ इमीग्रेशन के लेआउट प्लान को नोएडा एयरपोर्ट के प्लान में शामिल कर लिया गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) जेवर को लेकर बुधवार को लखनऊ में ज्वाइंट कोआर्डिनेशन कमेटी बैठक हुई थी। इसमें एयरपोर्ट से जुड़े केंद्र सरकार के सभी विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के पहले चरण में करीब 5800 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। अब तक इसका 15 प्रतिशत पैसा निर्माण खर्च किया जा चुका है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल बिल्डिंग बन रही है। इसका टावर बनने लगा है।

तकनीक शुरू करेंगे : बैठक में एयरपोर्ट से जुड़े केंद्र सरकार के अधिकारी भी शामिल हुए। कस्टम विभाग ने अपना डिजाइन एनआईए को सौंप दिया है। इसमें ऑफिस का स्थान और अलग से जांच के लिए जगह आदि शामिल है।

जेवर एयरपोर्ट का तैयार रनवे गुरुवार को इस तरह दिखाई दिया। • हिन्दुस्तान

5800 करोड़ रुपये जेवर एयरपोर्ट के निर्माण पर खर्च होने हैं

15% पैसा निर्माण में अब तक कुल लागत का खर्च हुआ

“जेवर एयरपोर्ट के निर्माण में अब तक 15 प्रतिशत पैसा खर्च हो गया। टर्मिनल इमारत और रनवे का बेस तैयार हो गया। निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

-डॉ. अरुण वीर सिंह, सीईओ नायल